हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, सोमवार 29 जनवरी 2024

11 अटल मंडल ने किया जिलाध्यक्ष का अभिनंदन

12 राशन को लेकर शहर के डिपो पर लग रही उपभोक्ताओं की कतार

SANSKARAM UNIVERSITY
PATAUDA| JHAJJAR

Approved under UGC2F of the U.G.C (Act 1956) Established Under Haryana pvt. Universities (Act.2006)

सम्मानित अभिभावाकगण एवं प्रिय विद्यार्थियों,

संस्कार, शिक्षा और सफलता वह मूलमंत्र है जिसके माध्यम से ही व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास संभव है। आज के इस प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों का केवल शैक्षणिक क्षेत्र में निपुण होना मात्र काफी नही है बल्कि विद्यार्थियों का कम्युनिकेशन स्किल्स, इंटरपर्सनल स्किल्स एवं सबसे महत्वपूर्ण है राईट गाइडेंस और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का अनुभव। संस्कारम यूनिवर्सिटी में हम यह सुनिश्चित करते हैं की नई शिक्षा नीति के अनुरूप मल्टीडिसिप्लिनरी इंटीग्रेटेड शिक्षण वातावरण विद्यार्थियों को मिले जो उन्हें आज की इंडस्ट्री जरूरत के अनुसार तैयार कर सके और रोजगार के अवसर मुहैया प्रदान करने के साथ-साथ दुसरों को भी रोजगार प्रदान कर पाए और साथ ही भारतीय संस्कृति और संस्कारों को भी सहेज कर रखे।

डॉ. महिपाल (चेयरपर्सन, संस्कारम यूनिवर्सिटी)

संस्कारम यूनिवर्सिटी

एवं **हॉस्पिटल व ट्रामा सेंटर**

झज्जर का उदघाटन, मुख्य अतिथि

महामहिम श्री बंडारु दत्तात्रेय

माननीय राज्यपाल, हरियाणा के कर कमलों द्वारा

श्री कंवरपाल गुर्जर

माननीय शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार

की अध्यक्षता में

श्री ओमप्रकाश धनखड़

राष्ट्रीय सचिव , भाजपा

महंत बाबा बालकनाथ योगी जी

माननीय विधायक, तिजारा (राजस्थान) एवं

कुलाधिपति,बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक

सोमवार, 29 जनवरी 2024

को प्रात: 11 बजे पटौदा, झज्जर में किया जाएगा।

संस्कारम ग्रुप के समस्त अधिकारीगण, समस्त स्टाफ

एवं छात्रगण इस पुनीत अवसर पर आपको सादर आमंत्रित करते हैं।

STATE OF ART INFRASTRUCTURE WITH WORLD CLASS FACILITIES

VETERINARY HOSPITAL

IVF LAB & RESEARCH CENTER

GIRLS HOSTEL

BOYS HOSTEL

COURSES OFFERED

LAW & LEGAL STUDIES
LLB . BBA LLB . BA LLB . BLS . LLM

VETERINARY & ANIMAL HUSBANDRY
B.V.Sc & AH . VLDD

MANAGEMENT & COMMERCE
BBA(H) . BCA(H) . B.Com(H) . MCA . MBA

MEDICAL & ALLIED SCIENCE
B. Pharmacy . D.Pharmacy

Agriculture - B.Sc (Hons)

BASIC & APPLIED SCIENCE
B.Sc (H) Med. & Non Med . **B.Sc** (H) Computer Sci.,
Zoology, Botany, Forensic, Physics, Chemistry, Maths
M.Sc : Zoology, Botany, Forensic, Physics, Chemistry, Maths

LIBERAL EDUCATION
BA(Hons)Eng . BA(Pass) . MA English, Maths

VOCATIONAL COURSES
BMLT(Bechelor in Med. Lab. & Tech.). YOGA . MUSIC

SANSKARAM PUBLIC SCHOOL
NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar (HR)
Call : +91 8222889860 | +91 8222889862

SANSKARAM INTERNATIONAL SCHOOL
NH.71, Patauda, Near Kulana, Jhajjar (Haryana)
Call : +91 9053007801 | +91 9053007802

SANSKARAM UNIVERSITY
Near N.H - 71, Patauda, Delhi - NCR, Jhajjar (Haryana) Call : +91 8397970811 | +91 8397970812
www.sanskaramuniversity.Com infosanskaram@gmail.com

गोपियों का वियोग - वर्णन , वर्णन के लिए ही है उसमें रिस्थितियों का अनुरोध नहीं है । राधा या गोपियों के विरह वह तीव्रता और गंभीरता नहीं है जो समुद्र पार अशोक जन में बैठी सीता के विरह में है ।

-आचार्य रामचंद्र शुक्ल

ऐसा नहीं था कि मम्मी को मेरे इस हुनर का पता नहीं था पर दादा-परदादा के समय से ही मेरे घर में केवल पढ़ाई को ही तवज्जो दी जाती रही है। कला और संगीत तो चंद समय के लिए बोरियत से उबारने के साधन रहे थे। इन विषयों में कोई उपलब्धि पाना पापा के लिए कोई मायने नहीं रखता था।

कहानी | डॉ. कविता विकास

ऑल राउंडर

न हीं.. तुम मेरे फैसले के विरोध में नहीं जा सकते। अभी इस काबिल नहीं हुए हो कि बड़े-बड़े निर्णय लेने लगो। पापा का सख्त, सपाट उत्तर सुनकर बड़ी निराशा हुई। बात दरअसल यह थी कि मैं दसवीं के बाद साइंस स्ट्रीम छोड़कर आर्ट लेना चाहता था। ड्राइंग और पेंटिंग में मेरी रुचि थी। मैंने पापा के समक्ष एक और दलील दी, 'आज कल हर स्ट्रीम में सम्भावनाएं हैं।

अपने शौक को पूरा करने का अभी ही तो मौका है।' पर पापा कहाँ सुनने वाले थे! विद्यालय के प्रत्येक वार्षिक महोत्सव में मेरे नाम कई मेडल और पुरस्कार होते थे,पर इसकी खुशियां बांटने के लिए घर में कोई नहीं। पापा पेंटिंग को एक तुच्छ विषय मानते थे। मेरा बड़ा भाई अमित पढ़ाई में बहुत अच्छा था और मैं बिलकुल साधारण। अमित भैया पापा की आँखों का तारा थे। वे अक्सर उनका उदाहरण देते, 'अमित ने इस बार भी अपनी कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इसके कारण समाज में लोग मुझे इज्जत की नज़र से देखते हैं।'यह वाक्य मैं पापा की जुबां से तब से सुनता आ रहा हूँ जब से मैंने नर्सरी में दाखिला लिया था। अमित मुझसे पांच साल बड़ा था। मुझे बेहद प्यार करता था। कभी-कभी पापा मेरे लिए ड्राइंग की कॉपी लाने में आना-कानी करते तो वह अपनी ज़िद से मंगवा देता था।

गणित मुझे बहुत उबाऊ विषय लगता। कक्षा में जब गणित की पढ़ाई होती रहती, मैं चुपचाप अंतिम पेज में ड्राइंग बनाता रहता। एक बार तो मैंने सर की हुबहू सूरत बना दी। यह बात तभी से हवा की तरह फ़ैल गयी कि आनंद बहुत अच्छा चित्रकार है।

ऐसा नहीं था कि मम्मी को मेरे इस हुनर का पता नहीं था पर दादा-परदादा के समय से ही मेरे घर में केवल पढ़ाई को ही तवज्जो दी जाती रही है। कला और संगीत तो चंद समय के लिए बोरियत से उबारने के साधन रहे थे। इन विषयों में कोई उपलब्धि पाना पापा के लिए कोई मायने नहीं रखता था। मम्मी दबी जबान में मेरी तरफदारी करतीं पर इसमें भविष्य बनाना एक जोखिम भरा निर्णय समझती थीं। अक्सर माँ कहतीं, 'बेटा एक पेंटर बनकर तुम कैसे जीवन चला पाओगे? इसमें कोई निश्चित आय नहीं है। हमारे देश में इसका कोई भविष्य नहीं। 'मैं बड़े पेसोपेश में उनके इस तर्क के सामने निरुत्तर हो जाता। आखिर माँ गलत भी नहीं थीं।

दसवीं के बाद पापा के थोपे हुए आदेश के कारण मुझे अपना पसंदीदा विषय छोड़कर गणित और विज्ञान लेना पड़ा। ऐसा नहीं था कि मैं साइंस में कच्चा था, बस पसंद की बात थी। बारहवीं में कड़ी मेहनत की। अमित भैया की तरह टॉप तो नहीं किया पर उम्मीद से ज्यादा अच्छे परिणाम आये। इस दौरान मेरे रंग, पेंसिल, कलर, ब्रश आदि एक बक्से में बंद हो गए थे। पापा ने सख्त हिदायत दे रखी थी कि बारहवीं तक इन्हे छूना नहीं है।

बारहवीं के बाद मेरा दाखिला बंगलोर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ। हॉस्टल जाते वक्त माँ ने मेरे कपड़ों के बक्से में चुपचाप मेरा पेंटिंग किट रख दिया । बंगलोर की मोहक वादियों में मेरे अंदर का छुपा चित्रकार फिर जाग उठा। एक बार फिर से हाथों ने ब्रश और पेंट थाम लिया। देखते-देखते मेरा कमरा जिसमे एक और सहपाठी रहता था, हॉस्टल का सबसे सुन्दर कमरा हो गया। दीवारों पर लगे नयनाभिराम चित्र और पोस्टर सभी को बेहद भाते थे। पहला और दूसरा साल समाप्त हो गया। छुट्टियों में घर जाता तो पापा काफी खुश नज़र आते। कॉलेज से फीड बैक जाता कि मैं क्लास के श्रेष्ठ छात्रों में से एक हूँ। तीसरे साल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाना था जिसके कारण गर्मी की छुट्टियों में मुझे हॉस्टल में ही रहना था। यूँ तो बंगलोर में गर्मी ज्यादा नहीं पड़ती फिर भी दोपहर बड़ा लंबा लगता। मेरे रूम पार्टनर की कमी खलती थी। उसकी अनुपस्थिति में दोपहर में बहुत बोरियत होती। इन्ही दिनों हॉस्टल में लिपाई-पुताई का काम भी हो रहा था। मेरा कमरा पहले तल्ले पर था। डिस्टेंपर के कारण कॉरिडोर बड़ा सुन्दर लगता था। एक दिन दोपहर में मैंने अपने कमरे के बगल वाली दीवार पे एक सुन्दर चित्रकारी कर डाली और रंग भी भर दिया। अंदर ही अंदर डर रहा था कि हॉस्टल इंचार्ज से इज़ाज़त लिए बिना ऐसा किया है, कहीं डाँट न पड़े, पर तीन दिनों तक वे राउंड पर नहीं आये। इस बीच मैंने पूरे कॉरिडोर में चित्रकारी कर दी। चौथे दिन रात में इंचार्ज सर राउंड पर आये। उस समय रात के नौ बजे थे। लड़के तो कम ही थे और सभी अपने-अपने कमरों में थे। कॉरिडोर की मद्धम रौशनी में दीवारों पर के चमकते हुए रंगों में उकेरे पेड़-पौधे, देवता, नदी, पहाड़-सूर्य मानो जीवित हो उठे। धीमी रौशनी में नहाते गहरे चमकीले रंगों में सजी दीवारों पर इंचार्ज सर मंत्रमुग्ध हो गए थे। दूसरे दिन मुझे कॉलेज बुलाया गया। लम्बी दुपहरिया में मुझे दीवारों पर रंग भरते फर्स्ट फ्लोर के सफाई कर्मचारियों ने देखा था, जिन्होंने इस छिपे आर्टिस्ट की जानकारी सर को दे दी थी। मुझे सर ने सख्त निर्देश दिया कि बाकी के दो तल्लों की दीवारों को भी ऐसी ही चित्रकारी से भर दो ताकि देखने में सभी एक से लगें। डाँट की आशंका अब नहीं थी। चित्रकारी तो मेरा जुनून था। चार दिनों के अंदर वे दो तल्ले भी खूबसूरत बन गए।

गर्मी की छुट्टियाँ ख़त्म हो गयीं। लड़के वापस आ गए थे। हॉस्टल के नए रूप ने सबका मन मोह लिया और गुमसुम सा रहने वाला मैं अचानक उनका हीरो बन गया। कॉलेज के वार्षिकोत्सव की तैयारी आरम्भ हो गयी। माता-पिता को आमंत्रण भेजा गया था। पेरेंट्स की उपस्थिति में वर्षभर की विशेष उपलब्धियों के लिए योग्य छात्रों को पुरस्कार वितरण किया जाता था। टाई-कोट के विशेष ड्रेस-कोड में मैं पापा-मम्मी के बीच में बैठा कार्यक्रम का आनंद ले रहा था। पापा न चाहते हुए भी बोल उठे, 'स्कूल या कॉलेज का शायद ही ऐसा कोई उत्सव रहा होगा जब अमित को पुरस्कार न मिला हो।' मैंने कहा 'पापा, अमित भैया से मेरी क्या तुलना, भैया तो घर की शान हैं। मैं उनकी तरह नहीं बन पाया, इस बात का मलाल तो मुझे भी है।' खैर, जीवन में पहली बार पापा मेरे किसी कार्यक्रम में आए, यही क्या कम था! विभिन्न श्रेणियों में हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जा रहा था।

> *"पढ़ाई में उत्तम होने के साथ-साथ कला को भी आत्मसात करने वाला यह शख्स और कोई नहीं, अपना आनंद मल्होत्रा है।' मैं इस अप्रत्याशित उद्घोषणा के लिए तैयार नहीं था, सो जड़वत हो गया। पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी। मेरे साथियों ने मुझे गोद में उठाकर स्टेज पर पहुंचाया। मैंने मुख्य अतिथि के साथ-साथ मंचासीन सभी विशिष्ट व्यक्तियों के पांव छुए। उनसे आग्रह किया कि मैं अपने पेरेंट्स को भी मंच पर बुलाना चाहता हूँ। उनकी स्वीकृति मिलते ही पापा-मम्मी स्टेज पर आये। पापा ने मुझे गले से लगा लिया और तब तक अपने से चिपकाये रखा जब तक मुख्य अतिथि ने उनकी पीठ न थपथपायी। बेहद भावुक क्षण था वह मेरे लिए, कभी न भूलने वाला। पापा की आँखों से बहती अविरल धारा वर्षों की मेरी नाकामी को झुठला रही थी।*

तभी एक उद्घोषणा हुई, 'पिछले दो सालों से हमने आल राउंडर का खिताब किसी को नहीं दिया। पर इस साल यह खिताब एक ऐसे शख्स को दिया जा रहा है जिसकी वजह से हमारे छात्रावास का कोना-कोना जगमगा गया है। गज़ब का जादू है उसके हाथों में, उसका लगन और परिश्रम अतुल्य है। पढ़ाई में उत्तम होने के साथ-साथ कला को भी आत्मसात करने वाला यह शख्स और कोई नहीं, अपना आनंद मल्होत्रा है।' मैं इस अप्रत्याशित उद्घोषणा के लिए तैयार नहीं था, सो जड़वत हो गया। पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी। मेरे साथियों ने मुझे गोद में उठाकर स्टेज पर पहुंचाया। मैंने मुख्य अतिथि के साथ-साथ मंचासीन सभी विशिष्ट व्यक्तियों के पांव छुए। उनसे आग्रह किया कि मैं अपने पेरेंट्स को भी मंच पर बुलाना चाहता हूँ। उनकी स्वीकृति मिलते ही पापा-मम्मी स्टेज पर आये। पापा ने मुझे गले से लगा लिया और तब तक अपने से चिपकाये रखा जब तक मुख्य अतिथि ने उनकी पीठ न थपथपायी। बेहद भावुक क्षण था वह मेरे लिए, कभी न भूलने वाला। पापा की आँखों से बहती अविरल धारा वर्षों की मेरी नाकामी को झुठला रही थी।

(लेखिका शिक्षाविद् एवं झारखंड विमर्श पत्रिका की सम्पादिका हैं)

कविता | लवली आनंद

हमर अयोध्या में राम

उठु चालू वेगी अयोध्या धाम
प्राण मिलत उहा नयन जुरायत
सबसुख पायब रट राम के नाम।।

कर्म बिनु सब छूट ही जइहें
श्रम बिनु फल कहा मिलहु न पइहें
पर जे मन के बहारब सखी सुनु
तब मिल जइहें कोशल कुमार।।

हे धरणी हे अयोध्या माता
शत शत नमन रउवा के जननी
अंगना बुहारब, नगरी बुहारब
एक पल झलक जे पायब राम।।

कनक भवन अति सुंदर साजल
पर हृदय में बसे मनमोहक राघब
जनकसुता संग बैठ भवन में
अति प्रिय लगते सीताराम।।

सरयू सुंदर,रामबन सुंदर
लछमन के संग हनुमानगढ़ी सुंदर
पर जे मन के हर्षित करीहें
वो हैं प्रभु के राजिबलोचन।।

राम स्तुति दोहे | अशोक कुमार ढोरिया

आओ रघुपति धाम में,करके ऊँचा भाल।
स्वागत में हम आपके,लिए खड़े हैं थाल।।

हाथ जोड़ कब से खड़ा, लेकर प्रभु का नाम।
आकर दर्शन दीजिए, जय जय जय श्रीराम।।

राम नाम को जप रहे, राम भक्त हनुमान।
अब तो भगवन आ मिलो,वंदन करे जहान।।

बाल रूप श्रीराम का,जैसे चमके धूप।
लिए हाथ कोदंड वे, लगते बड़े अनूप।।

राम अवध में आ गए,ले अपना कोदंड।
कर्म धर्म को धारिये, दूर करो पाखंड।।

अवध विराजे राम हैं, बांट रहे उपहार।
खुश होकर सब लीजिए,कभी न होगी हार।।

नाम बड़ा है राम का, जाने ये संसार।।
सबके रक्षक हैं वही,जग के पालनहार।।

दीन हीन के सारथी, ऐसा दो उपहार।
झूठ कपट का नाश हो,सच की हो जयकार।।

बना अवध में धाम है, हर लब पर है राम।
सबको यही यकीन है, पूरे होंगे काम।

प्यासे नैन तरस रहे, दर्शन दो श्रीराम।
स्वागत में अब आपके,सजा अयोध्या धाम।।

मंदिर न्यारा बन रहा , दुनिया में अभिराम।
हर्षित कण कण हो गया,सजा राम का धाम।।

लघुकथा | मोनिका राज

रोज़मर्रा की जिंदगी

ओ फ्फहो! यह फिजिक्स कितना बोरिंग है। मुझे बिल्कुल समझ नहीं आती। श्रेया ने अपना सिर पकड़ते हुए कहा।
'इधर आओ।' नीलेश ने कहा। 'अब बताओ, क्या समस्या है?'
श्रेया ने अपनी परेशानी नीलेश को बताई। 'बस, इतनी-सी बात है।', नीलेश ने मुस्कुराते हुए कहा।
फिर उसने श्रेया के हाथ से किताब लेकर उसे खुद से पढ़ाने लगा। श्रेया बड़े ध्यान लगाकर नीलेश की बातें सुन रही थी। बातों -हीं -बातों में कब पूरा चैप्टर उसने श्रेया को समझा दिया, पता हीं न चला। श्रेया ने लगभग कूदते हुए कहा, 'पापा, यू आर रियली ग्रेट! अब मुझे सारे कॉन्सेप्ट्स समझ में आ गए। पर, एक बात बताइये, मैं भी तो बहुत देर से यह सब समझने की कोशिश कर रही थी पर, मुझे क्यों समझ में नहीं आ रहीं थी ?'
'जब तक बस यूँ हीं पढ़ते रहोगे, वो बस किताबों तक हीं रह जायेगा, लेकिन जब आप उसे रोजमर्रा की जन्दिगी से सम्बंधित करके देखोगे तो तुम्हें सारे कॉन्सेप्ट्स अच्छे से समझ आ जायेंगे और तब न तो तुम्हें उनको रटने की झंझट होगी और न हीं भूल जाने का डर होगा। आयी बात समझ, गुड़िया रानी?' नीलेश ने उसे दुलराते हुए कहा।
नीलेश की बात श्रेया समझ चुकी थी। उसने सहमति में अपना सर हिलाया।

कविता | गोविन्द भारद्वाज

राम नाम का दीप जलाएं

राम नाम के दीप जलाएं,
नव उजियारा हम फैलाएं।

आए फिर से अवध बिहारी,
राजी कौशल्या माँ प्यारी।
देख-देख मन हर्षित होती,
कैकेई-सुमित्रा महतारी।

दीवाली हम आज मनाएं,
राम नाम के दीप जलाएं।

आज अयोध्या सज गाई सारी,
नाच रहे हैं सब नर नारी।

ढोल - मृदंग बजे गली- गली,
श्याम रंग छवि लागे न्यारी।

भजन-कीर्तन मंगल गाएं,
राम नाम के दीप जलाएं।

राम बिराजे महल अटारी,
मर्यादा के शुचि अवतारी।
धनुष-बाण शोभा अति सुंदर,
हैं श्री राम सकल हितकारी।

सरयू जी भी नाच दिखाएं,
राम नाम के दीप जलाएं।

साहित्य समाज का दर्पण भी है तथा मार्गदर्शक भी है। साहित्य समाज के सरोकारों को ही अपना विषय बनाता है। समाज और व्यक्तिगत विकास में साहित्य की महत्वपूर्ण सहभागिता है। समाज में उस क्षेत्र विशेष की संस्कृति फलती फूलती है। संस्कृति लोगों के लिए नैतिक मूल्यों को निर्धारित करता है, जिसका निर्वहन प्रत्येक मनुष्य के लिए अनिवार्य है।

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

समाज के विकास में साहित्य की अहम भूमिका: डा. रमाकांता

प्रदेश की सुप्रसिद्ध महिला साहित्यकार एवं आकाशवाणी की ग्रेडिड लोक गायिका डा. रमाकांता पिछले चार दशकों से समाज को एक सकारात्मक रूप से नई दिशा देने का प्रयास में गुणवत्ता के आधार पर साहित्य सृजन करती आ रही हैं। लोक साहित्य में समाहित संगीत, नाट्य, नृत्य तथा लोक गीतों के संकलन और शोध कार्य में जुटी काव्य एवं गीत लेखक डा. रमाकांता ने अपने लोक साहित्य एवं काव्य लेखन के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे तथ्यों का जिक्र किया है, जिससे कहा जा सकता है कि समाज और व्यक्तिगत विकास में साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. रमाकांता शर्मा का जन्म 15 जुलाई 1948 को करनाल जिले के घरौंडा में डा. जयदेव प्रसाद और शांति देवी प्रभाकर के घर में हुआ। उनका परिवार में पूरी तरह से साहित्यिक माहौल था, जहां उनकी माता ग्रामीण क्षेत्र की पढ़ी लिखी महिला थी और बड़ी बहन उर्मिलकांता शर्मा उस समय पंजाब भाषा विभाग की प्रसिद्ध कवयित्री थी, जो विभाग में सभी प्रतियोगिता में हिंदी कविताओं में पुरस्कार हासिल करती रही है। साल 1956 में जब रमाकांता कक्षा तीन में थी, तो उन्होंने खुद लिखी एक कविता स्वतंत्रता दिवस पर पढ़ी तो उसे विद्यालय के मुख्याध्यापक ने पुरस्कार के रूप में एक चांदी का रुपया इनाम में दिया, जो आज भी उन्होंने अभी तक धरोहर के रूप में सुरक्षित रखा हुआ है। इसके बाद वे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं में काव्य प्रतियोगिताएं जीती और स्वरचित कविताएं तत्कालीक कॉलेज मैग्जीन तथा पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई तो उनका आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था। बकौल रमाकांता नौकरी में आने के बाद उन्होंने कला(फाइन आर्ट) तथा संगीत विषय का अध्यापन किया, वैसे भी विरासत में मिले साहित्यिक माहौल के कारण बचपन से कला, संगीत व साहित्य से रहे संबन्ध के कारण उन्होंने असंख्य गीत व कविताएं लिखी। उनकी साहित्यिक विद्या काव्य सृजन है, लेकिन उन्होंने गद्य व पद्य सभी विधाओं में साहित्य सृजन किया, जिनके विस्तृत लेखन क्षेत्र में कहानी, कविता, लघुकथा, नाटक, आलोचना, समीक्षा अनुवाद तथा संपादन जैसी विधाएं शामिल हैं। जिसकी बदौलत उनकी हरियाणवी भाषा, हरियाणवी संस्कृति (लोक साहित्य) तथा हिंदी गद्य व पद्य में करीब तीन दर्जन पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। डा. रमाकांता ने प्रसिद्ध साहित्यकारों की लघुकथा तथा कहानियों की पुस्तकों का हरियाणवी में अनुवाद भी किया है। वहीं उन्होंने स्वयं अपनी कुछ हिंदी लघुकथाओं का मैथिली, पंजाबी तथा बुंदेली में अनुवाद किया है। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी में अनुवाद का संपादन भी किया। उन्होंने 250 लघुकथाओं, 50 कहानियों, करीब 20 नाटक तथा करीब 500 कविताओं का सृजन कर पाठकों को नई दिश डा. रमाकांता ने हरियाणवी संस्कृति संवर्धन की दिशा में लोक पर्व, ऋतुमास उत्सवों की वीडियोग्राफी एवं वृत्तचित्र में भी लोकगीत लेखन, संकलन, गायन और संगीत निर्देशन की भूमिका भी निभाई है। इनमें हरियाणा सरकार की योजनाओं के प्रचार व प्रसार के लिए तैयार वृत्तचित्रों में नृत्य, अभिनय और गायन से संस्कृति के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाली रमाकांता ने दूरदर्शन पर प्रयोजित 'बोल हमारे गीत तुम्हारे' तथा 'अजब-अजूबे' शीर्षक से प्रायोजित कार्यकमों के 13-13 एपीसोड में गीत लेखन और गायन की कला की छटाएं भी बिखेरी हैं। वहीं हरियाणवी संस्कृति पर आधारित सुरंग, द गैस्ट तथा थाल जैसी वेबसीरिज तथा लघुफिल्मों में अभिनय की भूमिका भी निभाई है।

प्रकाशित पुस्तकें

डॉ. रमाकांता ने हिन्दी उपन्यासों में असामान्य पात्र, मधुकांत की एकादश शैक्षिक कहानियाँ, नाथ संप्रदाय का अध्ययन, मधुकांत की व्यंग्यात्मक कहानियों की समीक्षा, लघु कथा संग्रह कथा मंजरी, कविता संग्रह काव्य-कुंज, कविताएं बालगीत, काव्य संग्रह वन्दन माटी का, बाल एवं किशोर साहित्य,और महक रिश्तों की जैसी कृतियां पाठकों के सामने पेश की हैं। हरियाणवी लोक साहित्य में लघुकथा संग्रह माल्लक दैक्खै सै, नाटक संग्रह कोथली आदि पुस्तके शामिल हैं।

डॉ. रमाकांता शर्मा

पुरस्कार व सम्मान

डा. रमाकांता शर्मा को कई दर्जन पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्हें प्रमुख रुप से भारत भूषण सम्मान, महादेवी वर्मा कविता गौरव सम्मान, काव्य पाठ सम्मान, हिन्दी साहित्य श्री सम्मान, हिन्दी साहित्यरत्न सम्मान, अमूल्य वृद्ध सम्मान, साहित्य सोम सम्मान पत्र, विवेकानन्द शिक्षारत्न सम्मान, डॉ0 राधाकृष्णन सम्मान, रक्तदान सृजन सेवा सम्मान, वूमैन पॉवर अवार्ड, 'श्रमिका श्री' सम्मान, प्रज्ञा साहित्यिक सम्मान एवं प्रज्ञा साहित्य सृजन सम्मान शामिल हैं। वहीं उन्हें साहित्य चेतना यात्रा सम्मान, निर्मला स्मृति हिन्दी साहित्य रत्न सम्मान, सरतीदेवी मित्तल स्मृति सम्मान, लाजवन्ती चावला

व्यक्तिगत परिचय

नाम: डॉ. रमाकांता शर्मा
जन्मतिथि: 15 जुलाई 1948
जन्म स्थान: घरौंडा (करनाल)
शिक्षा: एमए, पीएचडी (हिन्दी), पीएचडी (संगीत), बीएड (गोल्डमैडल),एलएलबी।
संप्रति: सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी, सेवानिवृत सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग बीएमयू, रोहतक।

आशावादी जीवन की प्रेरणा 'नई सोच-नये रंग'

पुस्तक समीक्षा | शशि कांत चौहान

नई सोच नये रंग लघु कविता संग्रह के माध्यम से कवि डॉ. हरीशचंद्र झन्डई ने पाठकों को कुल 115 कविताओं के माध्यम से आशावादी जीवन जीने, सामाजिक विसंगति, प्रकृति प्रेम और कोरोना जैसी त्रासदी का सजीव चित्रण किया है। वहीं प्रेम की परिभाषा व जीवन की छोटी-छोटी बातों को गंभीरता से प्रस्तुत किया है। अपने काव्य संग्रह के शीर्षक के साथ भी उचित न्याय किया है। विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालती लघु कविताओं में अधिकांश जीवन से संबंधित है। 'जीवन में बहार' कविता के माध्यम से कवि ने बताया है कि जीवन तभी सार्थक होगा जब उसमें मजबूत इरादे और हौसले हो। 'चुनौतियों का सामना' कविता में कवि ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन में चुनौतियां आती हैं। उन चुनौतियों का सामना करने के लिए दृढ़ संकल्प, संघर्ष, शांत स्वभाव तथा उद्देश्य की स्पष्टता का होना जरूरी है। 'कितने रंग बिखरे जीवन में' कवि ने जीवन के प्रति आशा का दृष्टिकोण पर बल दिया है। इनकी कविताएं लक्ष्य व नई उड़ान कविता लोगों में आशावादी दृष्टिकोण पैदा करती है। इसी प्रकार 'आओ थाम लें उम्मीद' कविता में कवि का संदेश है कि जीवन को आगे बढ़ाने के लिए उम्मीद की आवश्यकता है। ऊंचे सपनों की कामना कविता महत्वाकांक्षा पर बल देती है। वहीं दूसरी ओर इस पुस्तक में 'अपना देश', 'वीरों का शौर्य', 'राष्ट्रीय ध्वज' में कवि ने देश प्रेम की भावना को जागृत कर रहे हैं। इन कविताओं में देश प्रेम की झलक दिखती है। 'वीरों का शौर्य' में देश पर कुर्बान होने वाले शहीदों के बारे में लिखा है। इन कविताओं में भारतीय संस्कृति की विशिष्टताओं पर बहुत ही सुंदर तरीके से प्रकाश डाला गया है। 'भरे सूने जीवन में रंग' कविता आशावादी भावों से ओतप्रोत कविता है। कवि ने जीवन के विविध आयामों को शब्द चित्र के माध्यम से कैनवास पर उकेरने का काम बहुत ही शानदार तरीके से किया है। इनमें 'जीवन है सूखे पत्तों की तरह' कविता में उपमा अलंकार के माध्यम से जीवन की नश्वरता का चित्र उकेरने का प्रयास किया है। 'देखो कल का सूरज' कविता सकारात्मक सोच और आशावादी चिंतन से अनुप्राणित है। हर कविताएं एक नए संदेश व नई ऊर्जा प्रदान करती है। सरस, सुबोध व प्रवाहमयी भाषा इस पुस्तक की विशेषता है, जो बेहतर जीवन जीने का संदेश देती है।

पुस्तक : नई सोच-नया रंग
लेखक: डॉ. हरीशचंद्र झन्डई
मूल्य : 250 रुपये
प्रकाशक: बोधि प्रकाशन

जीवन जीने की सीख देती 'अमीबा एवम् अन्य कविताएँ'

पुस्तक समीक्षा | नृपेन्द्र अभिषेक नृप

डॉक्टर संतोष पटेल अपनी कविता संग्रह 'अमीबा एवम अन्य कविताएँ' के माध्यम से समाज के विभिन्न पहलुओं पर अलख जगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने इस पुस्तक के द्वारा विभिन्न समस्याओं पर अपनी कलम के माध्यम से जोड़दार प्रहार किया है। इस पुस्तक में एक तरफ जहाँ बहुजन समाज की जिंदगी के कई गुमनाम पहलुओं को केंद्र में रखा है वहीं प्रेम, भाईचारे, गांधीवादी विचार, अंबेडकर के विचारों से सुसज्जित मुद्दों पर भी कलम तोड़ी गई है। संग्रह की पहली कविता 'रेगिस्तान के फूल' में कवि ने आम जीवन की बात किया है। जिस तरह से प्रकृति फूलों को उपजा देती है, ठीक वैसे ही जीवन में खुशियों की इमारत का निर्माण होता है। इंसान में संवेदना, प्रेम, दया, करूंगा समाहित होना चाहिए ताकि जीवन की नैया को पार लगाया जा सके। डॉक्टर पटेल की एक कविता 'व्याकुलता' में भी प्रेम से जीवन को आगे बढ़ाते जाने की बात करतें हैं। कवि ने मिलन की आस को बड़ा ही सजीवता से तुलनात्मक रूप से लिखा है। कवि डॉक्टर पटेल की कविता 'लोक और शिष्ट' में वर्षों से समाज में चले आ रहे शोषण को लिखा है। एक लेखक अपनी रचनाओं में पहले सिर्फ अपने वर्ग की बात करता था, वहीं जब से शोषक वर्ग ने कलम उठाई है, उन्होंने सामाजिक शोषण का पर्चा-पर्चा खोल दी है। शोषित वर्ग की अधिकारों की लड़ाई कलम से लड़ी जाने लगी है। उनकी एक और कविता 'वर्ना गांधी पसंद कब थे उन्हें' में वर्तमान भारत में गांधी की दशा पर लिखा है। आज के दौर में गांधीवाद सिर्फ नाम का सिम्बल मात्र ही समझा जाने लगा है। तभी तो गांधी सिर्फ भाषण देने के काम आते है और बदले में गोडसेवादियों ने समाज को हिंसक बना रखा है।

एक कविता 'दलित के घर सहभोज' के माध्यम से उन्होंने सामाज में फ़ैल चुके भेदभाव को उजागर किया गया है। एक तरफ जहां संविधान में भेदभाव को खत्म करने की कोशिश हुई है, लेकिन संविधान लागू होने के सात दशक बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हैं। डॉक्टर संतोष पटेल की पुस्तक से समाज को बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।

पुस्तक : अमीबा एवम अन्य कविताएँ
लेखक: डॉ. संतोष पटेल
मूल्य : 225 रुपये
प्रकाशक: न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन

खबर संक्षेप

आप की जींद रैली में गए नवीन

बहादुरगढ़। आप के यूथ विंग के वाइस प्रेसिडेंट नवीन जून अपने समर्थकों के साथ रविवार को जींद में हुई बदलाव रैली में भाग लेने गए। रैली में अरविंद केजरीवाल और भगवत मान ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। नवीन के अनुसार बीजेपी के झूठे वादों और कांग्रेस को हरियाणा की जनता नकारेगी। आप सरकार बनते ही दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा में भी बिजली 24 घंटे और फ्री मिलेगी, हर घर में स्वच्छ पानी मिलेगा,बुजर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा मिलेगी, महिलाओं को फ्री बस यात्रा मिलेगी, सरकारी अस्पताल में बेहतर और मुफ्त इलाज मिलेगा तथा शहीद के परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि मिलेगी।

48वीं पंचायती फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित

बहादुरगढ़। समाजसेवी दिनेश कौशिक के पुत्र शेखर कौशिक ने रविवार को गांव नूना माजरा में शहीद राजेश स्टेडियम में आयोजित 48वीं पंचायती फुटबाल प्रतियोगिता में बतौर अतिथि शिरकत की। शेखर ने आयोजकों को 11 हजार रुपए सौंपे। इस मौके पर जसवंत कुमार, अमित अत्री, अभिमन्यु छिकारा, सोनू छिकारा, भानू टीकरी, रवि कौशिक व अनिल स्वामी आदि मौजूद रहे।

मंदिर से बैट्री चोरी करने के मामले में एक आरोपी काबू

झज्जर। क्षेत्र के गांव लकड़िया मार्ग पर स्थित मंदिर से बैट्री चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी बेरी जसवीर ने बताया कि सुखबीर पुत्र रामचंद्र निवासी गांव गोच्छी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू निवासी पलडा जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी से चोरी की गई दो बैट्री बरामद की गई है।

तीन स्थानों से मोटरसाइकिलें चोरी

बहादुरगढ़। शहर में तीन अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिलें चोरी हो गई हैं। पालिका कॉलोनी निवासी सुनील दत ने शनिवार को राम बाग गेट के सामने अपनी बाइक खड़ी की थी। लेकिन कुछ देर बाद बाइक गायब थी। वहीं सत्यनारायण निवासी देव नगर ने शुक्रवार को अपनी बाइक वेद अस्पताल के पीछे खड़ी की थी। लेकिन शनिवार सुबह चैक किया तो बाइक नही मिली। गांव छारा निवासी सुरेंद्र दूध सप्लाई करता है। उसकी बाइक दलबीर नगर में खड़ी थी। लेकिन मोटरसाइकिल वहां से चोरी हो गई।

राज्यपाल संस्कारम विवि का आज करेंगे उद्घाटन

झज्जर। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार को दोपहर बाद दो बजे गांव खेड़ी तालुका पाटोदा में नवस्थापित संस्कारम विश्वविद्यालय और अस्पताल का उदघाटन करेंगे।

फुटबॉलरों को किया प्रोत्साहित

बहादुरगढ़। गांव नूना माजरा के शहीद राजेश जून स्टेडियम में आयोजित 4 दिवसीय 48वीं पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें पूर्व विधायक नरेश कौशिक के पुत्र हिमांशु कौशिक ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।
साथ ही आयोजकों को 11 हजार प्रोत्साहन राशि भेंट की। इस मौके पर विजय, श्रवण कौशिक, प्रवीण वत्स, मनीष पहलवान, निक्कू शर्मा, धर्मेंद्र, पवन, चांद पहलवान, संदीप जून, कौशल कौशिक, पिंकी कौशिक, जसबीर जून, पंकज व मन्नू पहलवान आदि मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री कंवर पाल आज पाटोदा में

झज्जर। एसडीएम विशाल कुमार ने बताया कि हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल सोमवार को सुबह दस बजे गांव पाटोदा स्थित संस्कारम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत शिक्षामंत्री राज्यपाल हरियाणा द्वारा संस्कारम विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में भी शिरकत करेंगे।

कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम

यह लड़ाई चुनावी नहीं प्रदेश को बचाने की है : भूपेंद्र हुड्डा

झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को गदा भेंट करते हुए विधायक कुलदीप वत्स। फोटो : हरिभूमि

- रैली का आयोजन बादली से विधायक कुलदीप वत्स ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को क्षेत्र के गांव माछरौली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जन आक्रोश रैली का आयोजन बादली से विधायक कुलदीप वत्स ने किया। जिसमें पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मुख्य रूप से शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि ये लड़ाई चुनावी नहीं हरियाणा को बचाने की है। कांग्रेस सरकार आने पर हरियाणा को फिर से नंबर वन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में हवा चल रही है। कांग्रेस सरकार आने पर हरियाणा में सबसे पहले बुजुर्गों की पेंशन छह हजार रुपये करेंगे। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम लागू होगी। परिवार पहचान पत्र, फैमिली आईडी के झंझटों से पीछा छुड़ायेंगे, जिनके राशन कार्ड कट गये या पेंशन कट गई है, उसे दोबारा शुरू कराएंगे। उन्होंने कहा कि किसान को एमएसपी की गारंटी देंगे, खाली पड़े दो लाख सरकारी पदों पर पक्की नौकरी देंगे, हर परिवार को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देंगे, हर गृहणी को पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर देंगे, बैकवर्ड क्लास का बैकलॉग पूरा करेंगे, क्रीमी लेयर की आय सीमा को छह लाख रुपये से बढ़ाकर दस लाख करेंगे। वहीं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पूरे हरियाणा से एक ही आवाज आ रही है कि बीजेपी-जेजेपी जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है। उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव में जनमत को धोखा देने वाली जेजेपी को चुनौती देते हुए कहा कि इस चुनाव में 90 में से एक सीट पर भी उनकी जमानत नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ वर्ष में हरियाणा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। वहीं विधायक कुलदीप वत्स ने हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मान-सम्मान और हक की लड़ाई हमेशा विधानसभा में पूरी मजबूती से उठाते रहेंगे।

ये रहे मौजूद

इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, विधायक गीता भुक्कल, विधायक डॉक्टर रघुबीर सिंह कादियान, विधायक राजेंद्र जून, विकास अहलावत सहित अन्य भी काफी संख्या में मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा का अभिनंदन करते भाजपाई।

अटल मंडल के अध्यक्ष सचेत कुमार की अध्यक्षता में रविवार को बाजे भगत सेन धर्मशाला में नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा का अभिनंदन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में अटल मंडल पालक पूर्व विधायक नरेश कौशिक मौजूद रहे। मंडल पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा को प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर स्मृति चिह्न के रूप में दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम मनोहर लाल के हाथ मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। पूर्व विधायक नरेश कौशिक के अनुसार भाजपा की सरकार वंचित-शोषित वर्ग की सरकार है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी लाइव देखा व सुना गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता पंकज जैन, संजीव सैनी, पालेराम शर्मा व मंडल प्रभारी रणबीर राठी का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर परमिंदर जांगड़ा, संदीप कुमार, प्रवीण सिंह, जयभगवान पांचाल, जितेंद्र नरवाल, अनिल सिंगल, हरिमोहन धाकरे, राजेश तंवर, पार्षद प्रवीण सोनू, मंडल अध्यक्ष सत्यवान छिकारा, सोनू मान, कृष्ण चंद्र, राजेश रोहद, सोमबीर, रजनीश, मोनी स्वामी, सुनील कुमार व जयभगवान आदि उपस्थित रहे।

श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पंजीकरण सुविधा की शुरू

झज्जर। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी श्रमिक ईश्रम.जीओवी.इन पर स्वयं पंजीकरण कर सकता है या निकटतम सामान्य सेवा केंद्र या सरल केंद्र पर जा सकता है।

झज्जर। कैप्टन शक्ति सिंह

बहादुरगढ़। पदाधिकारियों की घोषणा करते मास्टर सुखबीर सरोहा।

इनेलो एससी सेल के पदाधिकारी नियुक्त

बहादुरगढ़। इनेलो अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की बहादुरगढ़ हलके की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इनेलो के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के बाद हलकाध्यक्ष रणधीर सिंह तूर ने पदाधिकारी नियुक्त किए। एससी सेल के जिलाध्यक्ष मास्टर सुखबीर सरोहा बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी धर्म सिंह गोठवाल को सौंपी गई है। फूल सिंह लडरावन, बाले मांडोठी, कर्मबीर लाइनपार, जोगेंद्र सोलधा व राजपाल तंवर को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अरुण राठी को प्रधान महासचिव नियुक्त किया गया है। बलजीत मांडोठी, अभिमन्यु सराय, सुरेश माजरा, मुख्तयार टांडाहेड़ी व शिवचरण लाइनपार को महासचिव बनाया गया है। संगठन सचिव की जिम्मेवारी शमशेर निर्वाल को सौंपी गई है। अजीत सिंह, सन्नी आसोदा, हरीश बामड़ोली आदि रहे।

भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। वार्ड-13 में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते बिजेंद्र दलाल व अन्य।

भाजपा चुनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक बिजेंद्र दलाल ने रविवार को शहर के वार्ड नंबर-13 में लोगों के साथ प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देखा। साथ ही उन्होंने भाजपा की नीतियों व योजनाओं की जानकारी लोगों को दी।

भाजपा नेता बिजेंद्र दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। इससे हर वर्ग खुश है। पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। हाल ही में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से हिंदुओं का सैकड़ों साल पुराना सपना भी पूरा हुआ है। देश में पीएम मोदी का कोई विकल्प नहीं है। उनकी तरह हरियाणा में सीएम मनोहरलाल जनहित की सोच के साथ काम कर रहे हैं। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता जनता की सेवा में लगा है। देश-प्रदेश की जनता खुशहाल है और भाजपा सरकार पर उनका पूर्ण विश्वास है। आगामी लोकसभा और विधानसभा में भाजपा की सरकार बनना तय है। इस मौके पर प्रेम सिंह, पार्षद संदीप दहिया, कार्तिक, प्रवीण, धर्मदेव, रवि, सोनू, अश्वनी, गौरव राणा, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

वार्ड-8 में सुना भाजपाइयों ने कार्यक्रम

बहादुरगढ़। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी ने रविवार को वार्ड-8 में पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 109वां संस्करण सुना। उनके अनुसार हर महीने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले लोगों व संस्थाओं को देश की जनता के समक्ष लाकर उनका उत्साह बढ़ा रहे हैं।

कमरे से लैपटॉप मोबाइल व पर्स चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सैनिक नगर में किराए पर रहने वाला दीपक कुमार नौकरी करता है। रविवार को अज्ञात व्यक्ति ने उसके कमरे की कुंडी खोलकर लैपटॉप, मोबाइल, पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा एटीएम कार्ड चोरी कर लिया। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 457 व 380 के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया है। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत देकर जरूरी दस्तावेजों का चोरी होना बताया है जिसके कारण उसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस से जल्द ही कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैंप में 285 लोगों को दिए गए चश्मे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। कैंप में चश्मे वितरित करते नवीन बंटी। फोटो : हरिभूमि

भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी ने रविवार को वार्ड नंबर-8 में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। कैंप में साढ़े तीन सौ निवासियों ने स्वास्थ्य की जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया। जीवन ज्योति अस्पताल से पहुंची डाक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। लोगो के एचबी, बीपी व शुगर की भी जांच निशुल्क की गई। महिला रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की।
नेत्र रोग विशेषज्ञ ने लोगों की आंखों की जांच करने के बाद 285 लोगों को दूर व नजदीक से धुंधला दिखाई देने की समस्या से ग्रस्त पाया। उन्हीं नवीन बंटी ने चश्मे व दवाइयां प्रदान की। इस अवसर पर अस्पताल के मैनेजर आशीष भारद्वाज, पार्षद प्रवीण छिल्लर, बबन सिंह, राम सिंह, श्याम नारायण, प्रमोद, राजपाल, श्रीभगवान, रामकुमार, हरीश चंद्र, अनिल, सतपाल, लाल बहादुर, कृष्ण कुमार, नरेश कुमार, आजाद सिंह, लालचंद, समुंदर, रामफल, मुकेश, गोपाल, धर्मवीर, राजेश, ताराचंद स्वामी, संजय, कर्मवीर, प्रशांत, पप्पू, रामेश्वर, पवन, सतीश, मुकेश, पूनम, सुनीता, सीमा, संतरा देवी, चंचल गुप्ता, दर्शना देवी, मनीषा, वर्षा, सुदेश, मीरा देवी, रीमा, ज्योति, सुनीता, सुनीता, पूनम, नेहा, दिव्यांशी आदि मौजूद रहे।

बहादुरगढ़। सीवर लाइन बिछने पर अशोक राठी का आभार जताते स्थानीय निवासी। फोटो : हरिभूमि

सीवर लाइन बदलने से मिली राहत

बहादुरगढ़। गांव परनाला में 14 साल बाद सीवर लाइन डलने पर मोहल्ला वालों ने सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी का स्वागत किया। साथ ही लड्डू बांटकर खुशी जताई। सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी के अनुसार इस मौहल्ले में सीवर लाइन जर्जर स्थिति में थी। बीते 14 सालों से स्थानीय निवासी नई लाइन बिछने का इंतजार कर रहे थे। अब नई लाइन बिछने से इलाके के लोगों में खुशी की लहर है। फूल सिंह, देवेंद्र, अक्की, रामकरण, प्रीतम व राहुल आदि ने बताया कि सीवर लाइन का काम होने से इलाके में गंदे पानी की निकासी सही ढंग से हो पाएगी।

पीएम मोदी के दूरदर्शी विजन से विकसित भारत का सपना होगा साकार : बनवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

झज्जर। पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनते हुए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

रविवार को श्री कृष्ण यादव धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 109वें संस्करण को हरियाणा के सहकारिता, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ ध्यान से सुना और प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन से विकसित भारत का सपना साकार करने की दिशा में हर वर्ग को मजबूती के साथ देश और प्रदेश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी देश जब तक आत्मनिर्भर और विकसित नहीं बन सकता जब तक उसका इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत व दुरूस्त न हो। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में कदम बढ़ाते हुए रेल, रोड, शिक्षा व स्वास्थ्य पर फोकस रखा गया है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर राकेश कुमार, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष केशव सिंगल, अत्तर सिंह यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। पटका पहनाकर रविंद्र छिल्लर का स्वागत करते ब्रह्मकुमार।

ब्रह्माकुमारियों को किया सम्मानित

बहादुरगढ़। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने मातृशक्ति सम्मान समारोह के अंतर्गत रविवार को प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 केंद्र में ब्रह्मकुमारियों को शॉल व लोई भेंट कर सम्मानित किया। छिल्लर ने कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़कर आप लोग आमजन को शिव बाबा के पावन संदेश से अवगत कराकर धर्म व भक्ति से जोड़ने की सेवा कर रहे हैं। यहां मनुष्य को अपने जीवन के मूल उद्देश्य का ज्ञान मिलता है। छोटे बच्चों में भी संस्कार रोपित करने का सराहनीय काम हो रहा है। केंद्र से जुड़े सदस्यों ने पटका पहनाकर तथा बीके अंजली बहन ने ईश्वरीय सौगात भेंटकर रविंद्र छिल्लर का सम्मान किया। इस अवसर पर बीके विनीता बहन, बीके रेणू बहन, बीके सुरेंद्र, बीके संदीप आदि मौजूद रहे।

संस्कारम ट्रामा सेंटर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

झज्जर। डॉक्टर महिपाल व संस्थान स्टॉफ सदस्यों के साथ हवन में आहुति डालते हुए मुख्यातिथि कप्तान बिरधाना व अन्य। फोटो : हरिभूमि

रविवार को पाटौदा में हवन कार्यक्रम के साथ संस्कारम अस्पताल व ट्रामा सेंटर का शुभारंभ किया गया। हवन कार्यक्रम में जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और हवन में आहुति डालते हुए संस्था की प्रगति की कामना की। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की कमी रहती है। इसी समस्या को दूर करने व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं ग्रामीणों को मुहैया कराने के उद्देश्य से उन्होंने अस्पताल की स्थापना की है। उन्होंने बताया कि सोमवार को स्कूल का वार्षिक महोत्सव व संस्कारम यूनिवर्सिटी का शुभारंभ समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, शिक्षा मंत्री कवरपाल गुर्जर, भाजपा सचिव ओमप्रकाश धनखड़ व मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष बाबा बालकनाथ शिरकत करेंगे। समारोह को लेकर सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा दी जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति को लेकर रविवार को विद्यार्थियों की फुलड्रेस रिहर्सल भी कराई गई।

सेक्टर-7 में घर के बाहर खड़ी कार चोरी

बहादुरगढ़। शहर के सेक्टर-7 में घर के बाहर खड़ी कार चोरी हो गई है। दरअसल, सेक्टर-7 निवासी राजीव सिंह पारले बिस्कुट फैक्ट्री से रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने 26 जनवरी को अपनी बेलिनो कार मकान के आगे खड़ी की थी। शनिवार सुबह ऊठकर देखा तो कार गायब थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 379 के तहत केस दर्ज किया है।

परितोष बने मिस्टर फेयरवेल और बिंदु चाहर ने जीता मिस फेयरवेल का खिताब

झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए टाइटल सांग लगाए तथा एक्टिविटी टास्क दिया। इस दौरान छात्र परितोष को मिस्टर फेयरवेल व छात्रा बिंदु चाहर को मिस फेयरवेल चुना गया। विजेता विद्यार्थियों को स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक के.एम डागर, प्राचार्या निधि कादियान, एचओडी योगेश्वर कौशिक, पिंकी अहलावत, मुकेश शर्मा, पुष्पा यादव, अजय जाखड़ व नीलम सुहाग सहित अन्य भी मौजूद रहे।

झज्जर। फेयरवेल पार्टी के दौरान मिस्टर एंड मिस फेयरवेल को पुरस्कृत करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

लाइनपार में लगी नेकी की दीवार

बहादुरगढ़। रविवार को ब्रह्म सेवा समिति ने 9वीं बार नेकी की दीवार लगाई। यह कार्यक्रम लाइनपार के शिव मंदिर बगीची में प्रोफेसर सीमा प्रवीन दलाल के सहयोग से संपन्न हुआ। इस दौरान जरूरतमंदों ने गरम वस्त्र, कंबल, जूते इत्यादि प्राप्त किए। आयोजन का संचालन सत्येंद्र दहिया की देखरेख में दिनेश व अजय कंसल ने किया। उनके अनुसार भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रहेंगे।

बहादुरगढ़। नेकी की दीवार से कपड़े लेते जरूरतमंद।

सूचना

मैं सुशील कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासी फ्लैट नंबर-115, सेकेंड फ्लौर, ओमेक्स गलेरिया, सेक्टर-14, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि वर्ष 1995-97 के दौरान मेरे द्वारा रोल नंबर-959723 के तहत प्राप्त फार्मेसी डिप्लोमा सर्टिफिकेट कहीं गुम हो गया है।

खबर संक्षेप

घूमने गए बुजुर्ग को मारी टक्कर, घायल

बहादुरगढ़। सुबह टहलने गए बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। दरअसल, गांव बुपनिया निवासी टिंकू ने बताया कि उसके पिता राय सिंह 24 जनवरी की सुबह घूमने के लिए गांव शाहपुर की तरफ जा रहे थे। जलघर के निकट अज्ञात वाहन ने तेज गति व लापरवाही से उन्हें टक्कर मार दी। उन्हें ईलाज के लिए स्वास्तिक अस्पताल में लाया गया। सिर में चोट लगने के कारण उन्हें दिल्ली के बेस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उनकी शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 279 व 337 के तहत केस दर्ज किया गया।

घायल साइकिल सवार की मौत

बहादुरगढ़। कानोंदा निवासी मोटरसाइकिल सवार की टक्कर से गांव के ही एक साइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस को दी सूचना में खरखौदा निवासी जयभगवान ने बताया कि उसकी बहन सुदेश ने शनिवार को फोन पर दुर्घटना की जानकारी दी थी। अपने जीजा अनिल निवासी कानोंदा का एक्सीडेंट होने की खबर लगते ही वह रोहतक ट्रॉमा सेंटर पहुंचा तो अनिल की मौत हो चुकी थी। बाद में पता चला कि कानोंदा निवासी हर्ष की मोटरसाइकिल से हुई टक्कर में साइकिल सवार अनिल जख्मी हुआ था। पुलिस ने जयभगवान की शिकायत पर आईपीसी की धारा 279, 337 व 304अ के तहत केस दर्ज किया है।

अग्निवीर वायु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

झज्जर। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीर वायु प्रवेश वर्ष 2025 चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण छह फरवरी तक किए जा सकते हैं। जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा आगामी 17 मार्च से आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायुडॉट सीडैक डॉट आईएन पर लॉगिन कर सकते हैं।

ठंड से गेहूं की फसल को फायदा, उपज बढ़ने की उम्मीद से किसान खुश

- ओस की बूंदें रबी की फसल को नवजीवन देने वाली साबित होंगी, फरवरी महीने तक अच्छी ठंड रहने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

ठंड व शीतलहर का दौर जारी है। ऐसे में गेहूं की फसल अब जम कर लहलहा रही है। इससे दाना मजबूत होने के साथ ही उत्पादन बढ़ने की भी उम्मीद है। सुबह-शाम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। हालांकि दिन में हल्की धूप भी निकल रही है। ठंड का ऐसा लाभ पाकर किसानों में खुशी महसूस की जा रही है। बेशक कई किसान मानते हैं कि यह ठंड 10-15 दिन पूर्व पड़नी चाहिए थी। हालांकि किसान इस बात से प्रसन्न हैं कि गेहूं के लिए बहुत अच्छी स्थिति बन गई है।

बहादुरगढ़। खेतों में बढ़ रही गेहूं की फसल। फोटो: हरिभूमि

अनुमान के मुताबिक इससे उपज दर बढ़ेगी। जी हां, कड़ाके की ठंड में बेशक लोग रजाई में दुबक रहे हों, लेकिन किसानों के चेहरे पर खुशी है। दिसंबर में अपेक्षित ठंड नहीं पड़ने के कारण गेहूं की फसल को नुकसान होने की आशंका थी, लेकिन जनवरी में पड़ी कड़ाके की ठंड से वह दूर हो गई है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में भी ठंड का सितम लगातार जारी है। यह ठंड फसलों के लिए अमृत के समान है। किसानों और विशेषज्ञों के अनुसार ठंड जितनी बढ़ेगी, गेहूं की पैदावार उतनी ही बढ़ेगी। किसानों को इस बार गेहूं की बंपर पैदावार मिलने का अनुमान है। दरअसल, बहादुरगढ़ उपमंडल में साढ़े 27 हैक्टेयर में गेहूं की फसल बोई गई है। चूंकि सर्दी बढ़ने से गेहूं की फसल तेजी से बढ़ती है और गेहूं की बालियों में फुटाव अधिक होता है। गेहूं की अच्छी फसल के लिए फरवरी महीने तक अच्छी ठंड रहनी चाहिए। इससे आगे बंपर पैदावार मिलने की उम्मीद पूरी हो सकेगी। रविवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया। अब जो ठंड की स्थिति बनी है, उससे रबी फसलों को लाभ होगा।

फल-फूल रही फसल

तेजबीर दलाल

किसान तेजबीर दलाल के अनुसार इस बार ठंड देर से शुरू हुई है। दिसंबर महीने में ठंड नहीं पड़ी, जिस कारण किसानों को चिंता सता रही थी। लेकिन जनवरी में पड़की कड़ाके की ठंड ने गेहूं को बंपर बढ़वार में मदद की है। इस बार ठंड में गेहूं की फसल अच्छी तरह से फल-फूल रही है। फरवरी तक ठंड और उसके बाद फसल पकने के लिए गर्मी की जरूरत होती है। उम्मीद है कि गेहूं की फसल अच्छी उपज देगी।

जरूरत अनुसार पानी दें

डॉ. सुनील कौशिक

उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक के अनुसार ठंड बढ़ने से गेहूं का लाइफ साइकिल बढ़ गया है। गेहूं को अभी ठंड से फायदा हो रहा है, लेकिन पाला अधिक गिरने से सरसों को नुकसान हो सकता है। दिन में धूप निकल रही है, इसलिए कोई क्षति नहीं होगी। अभी जो ठंड पड़ रही है, उससे कोई दिक्कत होने वाली नहीं है। यह ध्यान रखें कि जब सिंचाई की जरूरत हो, तो ही खेतों में पानी दें।

विधायक ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव नूना माजरा के शहीद राजेश जून स्टेडियम में 48वीं पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को इसका समापन हो गया। यह स्पर्धा 25 जनवरी को शुरू हुई थी। समापन समारोह में पहुंचकर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों द्वारा स्वागत-सम्मान के बाद विधायक ने आयोजकों को 11 हजार रुपए की धनराशि भेंट की। गांव नूना माजरा में आयोजित 48वीं पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने स्टेडियम में पहुंचकर शहीद राजेश जून की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए उन्होंने आयोजकों और ग्रामवासियों को बधाई दी।

- शहीद राजेश जून स्टेडियम में 48वीं पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

बहादुरगढ़। खिलाड़ियों से परिचय लेते विधायक राजेंद्र सिंह जून। फोटो: हरिभूमि

जून ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस राज के दौरान तत्कालीन सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने खेलों की बेहतरीन नीति बनाई थी। जिसके चलते खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते। उन्होंने आरोप लगाया कि खट्टर सरकार में खिलाड़ी अपना हक पाने के लिए धरना प्रदर्शन तक करने को मजबूर है। आयोजकों ने विधायक राजेंद्र जून को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीओ रामेहर जून, फुटबॉल एसोसिएशन के जिला सचिव सुरेश जून, नरेश जून, शमशेर जून, सतबीर जून, धीरज जून, दीपक जून आदि मौजूद रहे।

वन नेशन- वन राशन कार्ड योजना का लाभ उठा रहे उपभोक्ता

राशन को लेकर शहर के डिपो पर लग रही उपभोक्ताओं की कतार

- जहां मौका मिलता उसी डिपो पर राशन के लिए लाइन में लग जाते उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

माह के अंतिम सप्ताह में किए जा रहे राशन वितरण के कारण आजकल शहर के लगभग सभी राशन डिपो पर अनाज लेने के लिए उपभोक्ताओं की भीड़ दिखाई दे रही है। जनवरी माह में जहां एक पखवाड़े तक राशन डिपो संचालकों द्वारा अपनी लंबित मांगों को हड़ताल की गई वहीं अब डिपो पर राशन पहुंचने के साथ उन्होंने जैसे ही राशन वितरण शुरू किया वैसे ही संबंधित डिपो के बाहर उपभोक्ताओं की कतार लगनी शुरू हो गई। वन नेशन- वन राशन कार्ड योजना लागू होने के कारण उपभोक्ता को जो भी डिपो संचालक राशन बांटना शुरू करता है वहीं पर उपभोक्ता राशन लेने के लिए पहुंच रहे हैं। बीते दो-तीन दिनों में जहां कुछ डिपो संचालकों द्वारा पहले बाजरे का वितरण किया गया वहीं कुछ डिपो संचालकों ने गेहूं को पहले वितरित करने का निर्णय लिया। ऐसे में उपभोक्ता किसी राशन डिपो से गेहूं तो किसी डिपो से बाजरा प्राप्त करने को लेकर कतारबद्ध दिखाई दिए। उपभोक्ताओं को आशंका है कि कहीं वे राशन लेने से वंचित न रह जाएं। इसी कारण जहां मौका मिले वे उसी डिपो पर राशन के लिए लाइन में लग रहे हैं। जबकि अभी चीनी व तेल का वितरण होना शेष है। उपभोक्ताओं की परेशानी व समय की महत्वता को ध्यान में रखते हुए डिपो संचालकों ने जहां गणतंत्र दिवस पर सार्वजनिक अवकाश के बावजूद राशन वितरण किया वहीं रविवार को भी राशन बांटा।

झज्जर। शहर के एक राशन डिपो के बाहर लगी राशन लेने के लिए कतारबद्ध उपभोक्ता। फोटो: हरिभूमि

183 पशुओं को गाड़ी में भरकर ले जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

- जहाजगढ़ के चौक पर नाकाबंदी कर पशुओं से भरे ट्रक को पकड़ा

पुलिस की एक टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर जहाजगढ़ गांव के चौक पर नाकाबंदी करते हुए पशुओं से भरे ट्रक को पकड़ा है। पकड़े गए ट्रक में भेड़-बकरियां, भैंस व कटड़े सहित कुल 183 पशुओं को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। इन मवेशियों को ट्रक में भर कर ले जाने वाले आरोपी चालक की पहचान राजस्थान के जिला झुंझनू स्थित गांव डुलानिया निवासी इकबाल व कंडक्टर साइड में बैठे आरोपी की पहचान राजस्थान जिला झुंझनू के गांगयासर निवासी वसीम अकरम के तौर पर की गई थी। पुलिस ने जब वाहन की जांच की और उसमें भरे पशुओं की गणना की तो ट्रक के अंदर से 150 बकरियां, 30 भेड़, दो भैंस व कटड़ा पाया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा पशुओं से भरे ट्रक को चालक-परिचालक सहित थाना लाया गया। जहां उन पर पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

बाबा बनवारी दास की पुण्यतिथि पर हुआ भंडारा

झज्जर। शहर के कोसली रोड स्थित श्रीआनंद दास आश्रम में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत अजयदास महाराज ने बताया कि बाबा बनवारी दास की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित इस भंडारे की पूर्व रात्रि आश्रम में सत्संग का आयोजन भी किया गया। सत्संग के दौरान स्थानीय गायक कलाकारों व साधु मंडली द्वारा गुरु की महिमा का गुणगान किया गया। अजयदास महाराज ने बताया कि इस दौरान झज्जर क्षेत्र के सर्व साधु मंडल को भंडारे में प्रसाद के लिए आमंत्रित किया गया था। सत्संग व भंडारे के दौरान सेवा करने वाले श्रद्धालुओं में अमित पंछी, शक्ति सैनी, उमाशंकर वर्मा, दीपक, मास्टर दलबीर, कालू, सुनील, सतपाल, राजेंद्र, बलजीत हलवाई, कृष्ण, सरिता, अनीता, दर्शना, सीमा, सुरेंद्र, कुलदीप व दयानंद सहित अन्य भी मौजूद रहे।

समिति ने किया लाला लाजपत राय को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर की अग्रवाल कॉलोनी में स्थित पालिका पार्क में रविवार को अग्रवाल कॉलोनी सुधार समिति द्वारा अमर शहीद लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने अमर शहीद लाला लाजपत राय के चित्र पर माल्यार्पण किया। समिति के मार्गदर्शक जगदीश गर्ग, मदन गोपाल मित्तल, संरक्षक आनंद अग्रवाल, प्रधान रविंद्र गुप्ता, उपप्रधान तरुण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बजरंग गर्ग व जितेंद्र गुप्ता आदि ने अमर शहीद लाला लाजपत राय के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वक्ताओं ने बताया कि स्वतंत्रता सैनानी होने के साथ ही लाला लाजपत राय एक समाज सुधारक भी थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में खास काम किया। वे स्वामी दयानंद सरस्वती से भी जुड़े। लाला जी ने पंजाब में आर्य समाज की स्थापना और विस्तार में अहम भूमिका निभाई। पहला स्वदेशी बैंक भी लाला लाजपत राय ने ही दिया। उन्होंने पंजाब में पंजाब नेशनल बैंक की नींव रखी। दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालयों का भी देशभर में प्रसार किया।

बहादुरगढ़। लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि देते समिति पदाधिकारी।

झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रवासी मजदूरों के बच्चे व संस्था सदस्य।

प्रवासी मजूदरों को दी शिक्षा के महत्व की जानकारी

इम्युनिटी बूस्टर किट वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

इंडेष्थ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया संस्था द्वारा धौड़ रोड स्थित ईंट भट्ठा पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर प्रवासी मजदूरों व उनके बच्चों को शिक्षा के महत्व व शारीरिक व्यायाम करने के लाभों की जानकारी दी गई। मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे राहुल ने मौजूदा जनसमूह को शारीरिक व्यायाम व पौष्टिक आहार की जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें ममता ने पहला, नेहा ने दूसरा व धीरज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्था सदस्य पूनम देशवाल व संदीप ने प्रवासी मजदूरों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मौजूदा जनसमूह में संस्था की ओर से इम्युनिटी बूस्टर किट भी वितरित की गई।

मुकंदपुर में सुनीं पीएम के मन की बात

बहादुरगढ़। रविवार को जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने गांव मुकंदपुर में बूथ नंबर-46 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 109वां कार्यक्रम सुना। उनके अनुसार इस कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की छिपी हुई प्रतिभाओं को देश की जनता से रूबरू करवाया। उनसे प्रेरणा लेकर भाजपा कार्यकर्ता निशुल्क नेत्र जांच, रक्तदान शिविर, पौधरोपण अभियान, स्वच्छता अभियान आदि सेवा कार्यों में जुटे रहते हैं। यह कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आमजन को एक नई ऊर्जा प्रदान करता है।

दोपहर बाद निकली हल्की धूप, सायं शीतलहर ने छुड़ाई कंपकंपी

झज्जर। रविवार को एक बार फिर मौसम बदला। अलसुबह मौसम साफ रहा और दोपहर बाद हल्की धूप निकली। जिसके कारण लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत मिली और लोगों ने धूप का आनंद भी लिया। इस दौरान बीच-बीच में आसमान में बादल भी छाए रहे। लेकिन सांय ढलते ही एक बार फिर मौसम ने पलटी मारी और शीतलहर चलने लगी। जिसके कारण लोग अपने घरों में दूबकने को मजबूर हो गए और बाजारों में लोग अलाव तापते हुए दिखाई दिए। रविवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं विशेषज्ञ सोमवार व मंगलवार को मौसम साफ रहने और आगामी दो-तीन दिनों में बारिश होने का अनुमान लगा रहे है।

झज्जर। ठंड से बचने के लिए अलाव तापते हुए युवक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5×8 सें.मी 10× 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

पुलिस कर्मचारियों को ड्यूटी निष्ठापूर्वक करने की दी हिदायत

एसपी ने किया बादली थाने का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बादली

पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने बादली थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना के भवन तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एमएचसी कक्ष के रिकॉर्ड व शस्त्रागार में रखे हथियारों की बारीकी से जांच की। उन्होंने एचएसओ कार्यालय के साथ मालखाना, कंप्यूटर कक्ष का भी निरीक्षण किया।

एसपी डॉ. अर्पित जैन ने निरीक्षण करते हुए एसएचओ को थाना के रिकॉर्ड को सुरक्षित एवं तरतीब से रखने के साथ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मालखाने का निरीक्षण करते हुए उन्होंने माल मुकदमा के मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने के दिशानिर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाना में कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी कार्य समय अनुसार पूर्ण किए जाएं। थाना में आई किसी भी तरह की शिकायत पर तुरंत कार्यवाही करके संबंधित अनुसंधानकर्ता को कार्यवाही के लिए सौंपा जाए। कोई भी शिकायत किसी भी परिस्थिति में लंबित नहीं रहनी चाहिए। महिला विरुद्ध अपराध की सूचना पर अविलंब कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी निष्ठापूर्वक करने की हिदायत दी।

बहादुरगढ़। बादली थाने का निरीक्षण करते एसपी डॉ. अर्पित जैन। फोटो: हरिभूमि

सरेआम सट्टा खिलाते गिरफ्तार

बहादुरगढ़। पुलिस ने कबीर बस्ती के निकट सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुकेश निवासी नई बस्ती को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक सट्टा पर्चा व 3200 रुपए बरामद किए। उसके खिलाफ थाना शहर बहादुरगढ़ में अभियोग दर्ज किया गया है।

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
दिल्ली रोजाना मिलें 11 से 5 बजे तक रोहतक रोड, पिल्लर नं. 373 के सामने, नांगलोई
रोहतक दिल्ली रोड, निकट राज सिनेमा, बैसमेंट के अंदर। 10 से 8 बजे तक